प्रभात खबर

Hajipur News : बिदुपुर में नकली विदेशी शराब बनाने की फैक्ट्री का खुलासा, भारी मात्रा में शराब जब्त

बिदुपुर. बिदुपुर थाने के चांदपुरा सैदाबाद के एक घर में पुलिस ने नकली विदेशी शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है. यहां से भारी मात्रा ब्रांडेड विदेशी शराब, उपकरण, फ्रीज, रैपर आदि सामान बरामद किये गये हैं. इस मामले में पुलिस ने मकान मालिक विकास कुमार उर्फ फकीरा सिंह के विरुद्ध नकली शराब का निर्माण व भंडारण करने आदि के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है. मालूम हो कि एसपी के निर्देश पर जिले में पुलिस शराब की खरीद-बिक्री करने वाले धंधेबाजों के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है. इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि चांदपुरा सैदाबाद गांव के एक घर में नकली विदेशी शराब बनायी जा रही है. इसकी सूचना मिलते ही एसआइ संदीप मंडल, कौशल किशोर, आयुष राज एवं एएसआइ शिव शंकर यादव नेतृत्व में पुलिस टीम ने चांदपुरा सैदाबाद गांव में छापेमारी कर नकली शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी. एसआइ संदीप मंडल ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने विकास कुमार के घर से ब्लैक डॉग ब्रांड की 750 एमएल के 709 बोतल, 375 एमएल की 299 बोतल, 180 एमएल की 14 बोतल, 35 लीटर देसी शराब, गैस सिलिंडर तीन, चूल्हा रेगुलेटर के साथ दो, एक फ्रीज, रैपर एवं अन्य उपकरण बरामद किये गये. बताया कि जब्त शराब में 750 एमएल की नौ बोतल के अलावा सभी शराब की बोतल ब्लैक डॉग ब्रांड की थी. इस मामले में एसआइ आयुष राज के बयान पर विकास कुमार उर्फ फकीरा सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/hajipur/fake-foreign-liquor-manufacturing-factory-exposed